# डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश

जानकीपुरम विस्तार, सेक्टर – 11, सीतापुर रोड,लखनऊ–226031

**पत्रांक संख्या**: ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / नामांकन / 2025 / 9198 दिनांक 07 / 11 / 2025

## आवश्यक सूचना

सूच्य है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध फार्मेसी विधा के निजी संस्थानों में सत्र 2025–26 में काउंसलिंग के उपरान्त रिक्त बची सीटों के सापेक्ष प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन प्री–रजिस्ट्रेशन दिनांक–10 नवम्बर, 2025 तक कर सकते हैं।

| क.सं. | प्रकिया | तिथि |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाइन प्री–रजिस्ट्रेशन की प्रारम्भ तिथि | 07 नवम्बर, 2025 |
| 2. | ऑनलाइन प्री–रजिस्ट्रेशन की अन्तिम तिथि | 10 नवम्बर, 2025 |

तत्क्रम में सूच्य है कि विश्वविद्यालय के समस्त सम्बद्ध फार्मेसी विधा के निजी संस्थानों में काउंसलिंग के उपरान्त रिक्त बची सीटों पर प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। संस्थानों में प्रवेश हेतु पंजीकरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://aktu.ac.in पर **दिनांक–07 नवम्बर, 2025 को अपरान्ह् 04.00 बजे से सक्रिय (Activate) कर दिया जायेगा।**

पंजीकरण प्रकिया विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध ई0आर0पी0 माड्यूल के अन्तर्गत उपलब्ध पंजीकरण व्यवस्था के माध्यम से करना होगा। प्री–रजिस्ट्रेशन हेतु इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर निम्नानुसार ऑनलाइन शुल्क देय होगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | उत्तर प्रदेश के सामान्य एवं ओ0बी0सी0 श्रेणी तथा उत्तर प्रदेश से इतर प्रदेशों के समस्त श्रेणी के अभ्यर्थी | रू0 1000 / – |
| 2. | उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थी | |

संबंधित सम्बद्ध संस्थानों द्वारा काउंसलिंग के उपरान्त रिक्त बची सीटों पर सी0यू0ई0टी0–2025 / 10+2 की मेरिट के अनुसार संस्थान स्तर पर काउंसलिंग आयोजित की जायेंगी। उक्त संस्थानों में रिक्त बची सीटों के सापेक्ष आयोजित होने वाली काउंसलिंग में इच्छुक अभ्यर्थी तद्वर्णित प्रकिया के अनुसार पंजीकरण करने के उपरान्त दिनांक–10.11.2025 को संबंधित संस्थानों में संस्थान स्तर पर आयोजित होने वाली काउंसलिंग में प्रतिभाग करेंगे। संस्थानों को तद्वर्णित मेरिट के आधार पर काउंसलिंग करते हुए अर्ह अभ्यर्थी को सीट आवंटित करना सुनिश्चित करना होगा **(संस्थान को अभ्यर्थियों के अर्हता संबंधित समस्त प्रपत्रों की जाँच अनिवार्य रूप से करनी होगी)** तथा आवंटित की गयी सीटों की मेरिट का सम्पूर्ण विवरण संस्थान की वेबसाइट पर दिनांक–10.11.2025 को रात्रि 09.00 बजे तक अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करना होगा।

**पंजीकरण हेतु निर्धारित प्रक्रिया निम्नानुसार है:–**

1. विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://aktu.ac.in पर जायें।
2. Website के मुख्य पेज पर पंजीकरण हेतु Link/Pop-up प्रदर्शित होगा।
3. लिंक पर क्लिक करते ही प्राथमिक पंजीकरण हेतु आवेदन का प्रारूप उपलब्ध हो जायेगा। अभ्यर्थी को वांछित सूचना, जिसमें योग्यता का विवरण पूर्ण करते हुए कोर्स का चयन करते हुए प्रक्रिया को चरणबद्ध रूप से पूर्ण करना होगा।
4. **कृपया ध्यान दें इस पेज पर दी हुई किसी भी जानकारी को अगले चरणों में संशोधित किया जाना सम्भव नहीं होगा, जिसमें अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि, मोबाइल नम्बर, ई–मेल आई0डी0 व लेटरल इन्ट्री एवं उसकी योग्यता आदि का विवरण शामिल है।**
5. सूचना भरने के क्रम में अभ्यर्थी को अपने सम्पर्क विवरण की सूचना को मोबाइल ओ0टी0पी0 द्वारा सत्यापित कराना होगा। आगे की सभी सूचनायें इसी मोबाइल नम्बर तथा ई–मेल आई0डी0 से सत्यापित होंगी।
6. ओ0टी0पी0 सत्यापित करने के पश्चात अभ्यर्थी को एक पंजीकरण संख्या उपलब्ध हो जायेगी, जिससे अभ्यर्थी अपने डैश–बोर्ड पर पहुँचेगा, जहाँ अभ्यर्थी को अपना शुल्क आनलाइन भुगतान करना होगा। इसके बाद अभ्यर्थी को अपनी शेष बची **जानकारी (शैक्षिक अर्हता संबंधी प्रपत्र) व फोटोग्राफ एवं इस्ताक्षर अपलोड करना होगा।**
7. सभी चरण पूर्ण हो जाने के पश्चात अभ्यर्थी को पुनः अपने अपलोड किये गये डाटा को चेक करने का अवसर प्रदान किया गया है तत्पश्चात ही अभ्यर्थी को फाइनल सबमिट का बटन प्रदर्शित होगा, जिससे वह अपने पंजीकरण को फाइनल सबमिट कर सकेंगे और प्रिन्ट ले सकेंगे।
8. ध्यान रहे कि अभ्यर्थी द्वारा पंजीकरण प्रिन्ट में क्यू–आर कोड अवश्य प्रदर्शित हो रहा हो।

**कृपया ध्यान दें**:– जिस पंजीकरण का भुगतान आनलाइन जमा नहीं होगा वह पंजीकरण मान्य नहीं होगा।

(डॉ0 डी0 पी0 सिंह)
उप कुलसचिव

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. कुलसचिव, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. उप कुलसचिव(नामांकन), ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. प्रभारी ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की आवश्यक कार्यवाही कराया जाना सुनिश्चित करें।
6. स्टॉफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(डॉ0 डी0पी0 सिंह)
उप कुलसचिव